<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 15.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन को किया संबोधित, लोकतांत्रिक मूल्यों और विधायी प्रथाओं को मजबूत करने का दिया संदेश।
2. पेयजल घोटाला मामले में नया मोड़, क्लर्क ने ईडी अफसरों पर लगाया मारपीट करने का आरोप, छानबीन करने जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंची रांची पुलिस।
3. गुमला–रांची मुख्य मार्ग पर आज सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में चार व्यवसाइयों की मौत, दो गंभीर रुप से घायल, रिम्स रेफर।
4. हजारीबाग में कल हुए शक्तिशाली विस्फोट मामले की जांच तेज, रांची से एसएफएसएल की टीम और झारखंड जगुआर का बम निरोधक दस्ता पहुंचा, जांच में एनआइए भी हो सकती है शामिल।
5. राज्य में मकर संक्रांति का उत्साह जारी, हजारीबाग के सूर्यकुंड में 50 हजार श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी, 15 दिवसीय मेला भी शुरु।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन, सीएसपीओसी को संबोधित किया। इस मौके पर श्री मोदी ने संविधान लागू होने के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में इस वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी को भारतीय लोकतंत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया।

*******************

राज्य में प्रवर्तन निदेशालय, इडी और स्थानीय पुलिस के बीच एक बार फिर टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। आज, रांची पुलिस की एक टीम दलबल के साथ हिनू स्थित ईडी कार्यालय पहुंची। पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार ने आरोप लगाया है कि पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की। रांची पुलिस इसी शिकायत की जांच करने ईडी दफ्तर पहुंची है।

*******************

ईडी और स्थानीय पुलिस के बीच टकराव की स्थिति पर सियासत तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि यह कार्रवाई बदले की भावना से प्रेरित है।
इस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि पुलिस इडी कार्यालय पहुंची है और तकलीफ भाजपा को हो रही है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल के अवसर पर युवाओं से सस्टेनेबल और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने की अपील की है। हजारीबाग के किसानों ने प्रधानमंत्री के इस आह्वान का स्वागत करते हुए इसे कृषि के भविष्य के लिए लाभकारी बताया है।

*******************

गुमला–रांची मुख्य मार्ग पर आज सुबह करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने तिलकुट लदे पिकअप वैन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप सवार चार व्यवसायियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक रांची के रहने वाले थे और गुमला जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*******************

हजारीबाग के हबीबी नगर में कल हुए शक्तिशाली विस्फोट के मामले में आज जांच और सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। 17 घंटे बीत जाने के बाद भी जांच प्रक्रिया के कारण शवों का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है।

रांची से एसएफएसएल की टीम और झारखंड जगुआर का बम निरोधक दस्ता आज सुबह घटनास्थल पर पहुंच चुका है। टीम इस बात की गहन जांच कर रही है कि विस्फोट के लिए किस प्रकार के रासायनिक पदार्थ का उपयोग किया गया था। इस इलाके के पुराने इतिहास को देखते हुए, ऐसी संभावना जताई जा रही है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी इस मामले की जांच अपने हाथ में ले सकती है।

*******************

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कांदू मोहल्ला में आज सुबह अपराधियों ने एक चाय दुकानदार अजीत कुमार गुप्ता और पूर्व मुखिया नवीन प्रसाद को गोली मारकर घायल कर दिया। नवीन प्रसाद की हालत गंभीर है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है।

*******************

राज्य में आज भी मकर संक्रांति का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। लोग सुबह से ही नदियों में पवित्र स्नान और दान–पुण्य कर रहे हैं। कोडरमा में भी मकर संक्रांति का उत्साह बना हुआ है, जहां तिलकुट की खुशबू और गुड़ की मिठास के साथ लोग पर्व मना रहे हैं।

*******************

हजारीबाग के बरकट्ठा स्थित एशिया के सबसे गर्म जलकुंड, सूर्यकुंड में मकर संक्रांति के अवसर पर 15 दिवसीय भव्य मेले का आयोजन शुरू हो गया है। विधायक अमित यादव ने इसका उद्घाटन किया। संक्रांति के मौके पर यहां करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। राज्य के दूसरे सबसे बड़े मेले के रूप में प्रसिद्ध इस आयोजन में बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। विधायक ने इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के समग्र विकास का भरोसा भी दिया।

*******************

आज भारतीय सेना दिवस है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने देश के वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना हमारी एकता और संप्रभुता की रक्षक है।

*******************

रांची से दिल्ली तक आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन अपनी यात्रा के 19वें दिन आज उत्तर प्रदेश से प्रस्थान कर हरियाणा में प्रवेश करेगी। दल का अगला पड़ाव पलवल निर्धारित है। इससे पहले, यह दल आगरा से होते हुए मथुरा पहुंचा, जहां एनसीसी की 10 यूपी बटालियन ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान और झारखंड की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया। आगरा में कर्नल पी.के. मिश्रा ने टीम को विदा किया था। आगरा में प्रवास के दौरान दल ने ऐतिहासिक ताजमहल और आगरा किले का भी भ्रमण किया।

*******************

इधर राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख बत्तीस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख नब्बे हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिसके कारण मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। आज कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जनवरी तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, 18 और 19 जनवरी से न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ठंड से कुछ राहत मिल सकती है।

*******************

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में आज जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब और एचआईएल जीसी के बीच मुकाबला होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे खेला जायेगा।

************